प्रादेशिक समाचार
24.03.2024 (दोपहर–1455 बजे)

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि समुचित और समयबद्ध फैसलों तथा आर्थिक सुधारों ने कोविड संकट से उबरने में भारत की सहायता की। बेंगलूरू में आज विचारक मंच के एक सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान वैश्विक समुदाय ने भारत की भूमिका को पहचाना और इसे सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में देखा। वित्त मंत्री ने कहा कि कोविड संकट से उबरने में भारत के सिद्धांत को आज पूरी दुनिया ने पहचाना है।

****

राज्य में चार चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना और पोलिंग पार्टी को सुरक्षित पहुँचाने के लिए लगातार रणनीति बनाई जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि राज्य की भौगोलिक बनावट की वजह से कुछ मतदान केंद्र जो दुर्गम इलाके में हैं, वहां पोलिंग पार्टी के जाने के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। हेलीकॉप्टर के अलावा ट्रेन, नाव और सड़क मार्ग से मतदानकर्मियों को मतदान केंद्रों तक भेजा जाएगा।

****

केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और प्याज की कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय–डीजीएफटी ने एक अधिसूचना में कहा कि प्याज के निर्यात पर 31 मार्च 2024 तक रोक लगाई गई थी और अब इसे अगले आदेश तक बढ़ाया जा रहा है।

****

रेलवे सुरक्षा बल, आरपीएफ ने हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन से एक तस्कर को 24 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है, जिसका बाजार मूल्य दो लाख 40 हजार रुपये के करीब है। रांची के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर उत्तर प्रदेश के कुशीनगर का रहने वाला है।

****

लातेहार जिले के घोर नक्सल प्रभावित बूढ़ा पहाड़ इलाके में मतदान की तैयारियां जोरो पर हैं।

****

एनसीईआरटी एक अप्रैल से शुरु होने वाले नए शैक्षणिक सत्र के लिए कक्षा तीन से छह तक का नया पाठ्यक्रम और पुस्तकें जारी करेगा, वहीं अन्य कक्षाओं के पाठ्यक्रम में किसी तरह का बदलाव नहीं किया जाएगा। एनसीईआरटी द्वारा इसे लेकर सभी सीबीएसई विद्यालयों को पत्र भेजा जा चुका है। इसके अलावा कक्षा छह के लिए ब्रिज कोर्स तथा कक्षा तीन के लिए संक्षिप्त दिशा निर्देश भी तैयार किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को नए पाठ्यक्रमों को लेकर सहूलियत हो सके। वहीं, शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम का भी आयोजन होगा।

****

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी ने राज्य सरकार द्वारा तृतीय संशोधित नियमावली को मंजूरी दिए जाने के बाद सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के ऑनलाइन आवेदन के लिए फिर से लिंक जारी कर दिया है। नए आवेदक छह अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता परीक्षा के जरिए लगभग छब्बीस हजार सहायक आचार्य के पदों पर नियुक्ति होगी।

****

मसीही समुदाय द्वारा आज पाम संडे मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मसीही चर्च में आयोजित प्रार्थना सभा में शामिल हो रहे हैं। इस दिन से उनके पवित्र सप्ताह की शुरूआत होती है।

****

आईपीएल क्रिकेट में आज दोपहर साढ़े तीन बजे जयपुर के सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायन्टस से होगा। वहीं, गुजरात टाइटन्स का सामना मुंबई इंडियन्स से शाम साढ़े सात बजे अहमदाबाद में होगा। इससे पहले, कल रात कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाईट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को चार रन से हरा दिया। कल ही चंडीगढ में खेले गए पहले मैच में पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हराया।

********समाप्त********